सुविचार

जीवन आइना है, उसमें आपका चेहरा नजर आता है। दोस्त बनकर रहिए। जिंदगी दोस्ती ही दिखलाई देगी।
ओशो

आप पढ़ रहे हैं देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

कुल 36 पेज | 20 पेज + सिटी भास्कर 4 पेज + डीबी स्टार 12 पेज (निःशुल्क) + (बाल भास्कर ऐच्छिक मूल्य ₹ 7.00) | मूल्य ₹ 4.00

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 28885.21 | |
| पिछला | 28707.75 | |
| सोना | 26,800.00 | |
| पिछला | 27,200.00 | |
| चांदी | 37,000.00 | |
| पिछला | 39,000.00 | |
| डॉलर | 62.24 | |
| पिछला | 62.24 | |
| यूरो | 67.01 | |
| पिछला | 67.54 | |

dainikbhaskar.com भोपाल शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2015, वैशाख कृष्ण पक्ष-6, 2072

## पहले गुड न्यूज

### टाटा स्काई का 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च

**मुंबई|** टाटा स्काई ने 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च किया है। इससे एक दिन के लिए टाटा स्काई की सर्विस ली जा सकेगी। यह डीटीएच रिचार्ज का सबसे छोटा कूपन है। ऑफर में डीएक्टिवेटेड कस्टमर्स भी शामिल हैं।

### IPL-8 : नतीजा

**चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली डेयरडेविल्स को 1 रन से हराया**



मैच विनर
आशीष नेहरा (3 विकेट)

आज का मैच
किंग्स इलेवन vs राजस्थान रॉयल्स
(रात 8.00 बजे से)

## न्यूज इनबॉक्स

### लिफ्ट में 5 मिनट तक फंसे रहे गृहमंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली|** गृहमंत्री राजनाथ सिंह लिफ्ट में फंस गए। वे शौर्य दिवस पर सीआरपीएफ हेडऑफिस में एक कार्यक्रम में आए थे। 5 मिनट के बाद उन्हें लिफ्ट की छत के रास्ते निकाला। लिफ्ट की क्षमता 3 लोगों की थी जबकि 4 सवार थे।

### शियोमी ने 12 घंटे के भीतर 2.12 लाख फोन बेचे

**बीजिंग|** चाइना स्मार्टफोन कंपनी शियोमी ने बुधवार को 12 घंटे में 2.12 लाख स्मार्टफोन बेचे है। इसके लिए उसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। एशिया के 7 देशों में इस स्मार्टफोन की बिक्री हुई थी।

### बीएसएफ को मिले दो एम आई-17 हेलीकॉप्टर



**नई दिल्ली|** बीएसएफ को दो एमआई-17 हेलीकॉप्टर मिले हैं। साल के अंत तक बीएसएफ को ऐसे 6 और हेलीकॉप्टर मिलेंगे। सरकार पायलटों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार कर रही है।

### रिलायंस ने लॉन्च किया वाट्सएप की तरह जीयो चैट

**नई दिल्ली|** रिलायंस ने वाट्सएप की तरह जीयो चैट लॉन्च किया है। यह एंड्रायड व ओएस प्लेटफॉर्म पर भी चलेगा। कंपनी मुफ्त एसएमएस ऑफर भी दे रही है।

### 1,000 रु. न्यूनतम मासिक पेंशन योजना स्थगित

**नई दिल्ली|** ईपीएफओ ने 1,000 रुपए न्यूनतम मासिक पेंशन योजना इस महीने से स्थगित कर दी है। फैसले से करीब 32 लाख पेंशनर प्रभावित होंगे। अब पुरानी दर से पेंशन मिलेगी। 8 माह पहले पेंशन एक हजार की गई थी।

Need funds to grow your business?
Aditya Birla Finance offers Loan Against Shares/ Property
Call: +91 84259 66666

# मंगला आरती तक रात रही गुलाम...



**वाराणसी|** बीते 91 साल के सफर में पहली बार बनारस के संकटमोचन मंदिर के संगीत समारोह में कोई पाकिस्तानी फनकार आया। बनारस की रवायत-ओ-तहजीब गुलाम अली को खींच लाई। बुधवार से शुरू हुए 92वें समारोह में उन्हें मंच पर आते-आते रात के एक बज गए। पर लोग मंदिर के आंगन से टस से मस न हुए। जब तक सुरों का सफर चला, उनके हमसफर बने रहे। शुरुआत में गुलाम अली ने ठुमरी सुनाई, 'तेरे बिना लागे न जिया...।' यह ठुमरी 40 साल पहले बनारस की मशहूर गायिका सिद्धेश्वरी देवी गाया करती थीं। फिर सिलसिला चला गजलों का। कुछ खुद से और कुछ फरमाइश पर। आखिर में, सुनने और सुनाने वाले तभी उठे, जब गुरुवार तड़के मंगला आरती का वक्त हो गया।

# बिजली हो सकती है 10 फीसदी तक महंगी

## विद्युत नियामक आयोग जल्द जारी कर सकता है नई दरें

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

घरेलू बिजली 10% तक महंगी हो सकती है। यह वृद्धि बिजली कंपनी अपने घाटे की भरपाई के नाम पर करा रही है। उसने मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में दाखिल याचिका में 22% बढ़ोतरी करने की जरूरत बताई है। बिजली कंपनी की इस याचिका में आयोग ने तीन शहरों में सुनवाई कर उपभोक्ताओं का पक्ष जाना। इसके बाद आयोग बिजली दरों में बढ़ोतरी का ऐलान जल्द ही कर सकता है। बिजली कंपनी ने आयोग में दायर याचिका में कहा है कि कंपनी 1700 करोड़ के घाटे में हैं। कंपनी ने वार्षिक राजस्व जरूरत (एआरआर) पूरी करने के लिए बिजली दरें बढ़ाने पर जोर दिया है। शेष | पेज 17 पर

### ऐसे जानें कैसे पड़ेगा आपके बिल पर असर

यदि टू या थ्री बीएचके फ्लैट में रहकर हर महीने 1500 रुपए का बिजली बिल चुकाते हैं तो आपको करीब 150 रुपए ज्यादा अदा करने पड़ सकते हैं। विद्युत नियामक आयोग द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए तय की गई दरों में 51 से 500 यूनिट तक के 3.40 से 5.20 रुपए प्रति यूनिट के चार स्लैब में 10 फीसदी तक का इजाफा किया जा सकता है।

**यह चार्ज भी :** फिक्स चार्ज, ड्यूटी चार्ज, फ्यूल चार्ज मीटर किराया सिंगल फेस के 10 रु.।

### यह हो सकता है नया स्लैब

| यूनिट | मौजूदा दरें | संभावित |
|---|---|---|
| 0 से 50 तक | 3.40 | 3.74 |
| 51 से 100 | 3.85 | 4.23 |
| 101 से 300 | 4.80 | 5.28 |
| 301 से 500 | 5.20 | 5.72 |

(कीमत रुपए प्रति यूनिट के अनुसार)

टैरिफ तो विद्युत नियामक आयोग तय करता है। वर्ष 2013- 14 और 2014- 15 में बिजली की दरें सिर्फ 0.78% ही बढ़ी हैं। इस दरमियान बिजली की लागत 32% और डिमांड में भी 67% का इजाफा हुआ है। ऐसी स्थिति में बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव आयोग को सौंपा गया है।
**-मनु श्रीवास्तव**, एमडी, मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी

**सत्यम घोटाला | दोनों भाइयों समेत सभी 10 आरोपी दोषी**

# राजू को सात साल की जेल 5.5 करोड़ रु. का जुर्माना

- निवेशकों के 14 हजार करोड़ रुपए डूबे थे तब
- राजू ने खुद गड़बड़ी का खुलासा किया था

एजेंसी | हैदराबाद

कॉर्पोरेट जगत को हिलाकर रख देने वाले 14 हजार करोड़ रु. के सत्यम घोटाले में छह साल बाद फैसला आ ही गया। कंपनी के तब के मालिक बी. रामालिंगा राजू को 7 साल जेल की सजा हुई है। साथ ही 5.5 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

राजू के भाई बी. रामा राजू समेत बाकी नौ आरोपियों को भी 7-7 साल की सजा दी गई है। जुर्माने की रकम 25 लाख रुपए तक है।

यह देश का सबसे बड़ा अकाउंटिंग घोटाला था। कॉर्पोरेट जगत को हिला देने वाले इस घोटाले का खुलासा खुद रामालिंगा राजू ने 7 जनवरी 2009 को किया था। सेबी को पत्र लिखकर अकाउंट्स में छेड़छाड़ कर फायदा बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने की बात कबूली थी। खाते में 7,000 करोड़ की गड़बड़ी की गई थी। खुलासे के दो दिन बाद ही राजू और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया था। फैसले के वक्त सभी आरोपी कोर्ट में थे। उन्हें फौरन हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। अब तक सभी जमानत पर थे।

### छह साल पहले राजू ने कहा था- 'हमें नहीं पता था कि शेर का निवाला बने बिना उस पर से उतरा कैसे जाए...'



**अब भी ठाठ बाकी :** फैसले से पहले कोर्ट पहुंचे रामालिंगा राजू। कार का दरवाजा खोलने के लिए दो लोग मौजूद थे।

### कॉर्पोरेट जगत में बेईमानी का दूसरा बड़ा मामला

- **राजू और उनके भाई धारा 409 (विश्वासघात), 120-बी (साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) के साथ अन्य धाराओं में दोषी।**

**23 साल पहले हर्षद मेहता केस :** मेहता ने 1992 में जनवरी से अप्रैल के बीच 90 कंपनियों के 28 लाख शेयर खरीदे। फिर बेच दिए। बाजार का 1 लाख करोड़ डूब गया। मेहता पर 27 केस चले। एक में दोषी ठहराए गए। 2001 में हिरासत में ही मौत हो गई।

राजू दो महीने के भीतर हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दे सकते हैं। वहां भी उनके खिलाफ फैसला हुआ तो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं।

### स्पिनिंग मिल से जेल तक का सफर

- आंध्र प्रदेश के किसान परिवार के राजू का पहला कारोबार स्पिनिंग और वीविंग मिल का था। कंपनी का नाम था श्री सत्यम।
- **1987 में 20 कर्मचारियों के साथ मिलकर सत्यम कंप्यूटर बनाई। 1992 पब्लिक लि. बनी। अमेरिका तक में लिस्टेड हुई।**
- कारोबार 66 देशों में फैला था। साख ऐसी बनाई कि सत्यम कंप्यूटर्स को 2002 में एशिया बिजनेस लीडर का अवॉर्ड मिला।
- **2001 और 2003 में भी धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। तब शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। वर्ल्ड बैंक ने किसी भी तरह के लेन-देन पर आठ साल की पाबंदी लगाई थी।**
- जुलाई 2009 में नीलामी के वक्त सत्यम को महिंद्रा ने खरीद लिया। 21 मार्च 2012 को दोनों कंपनियों के बोर्ड की मंजूरी के बाद टेक महिंद्रा में महिंद्रा सत्यम का विलय हो गया।

**लीना मंगत ने की थी पहली शिकायत**
सत्यम के खिलाफ सिकंदराबाद की लीना मंगत ने पहली शिकायत दर्ज कराई थी। सीबी-सीआईडी ने जनवरी 2009 को केस दर्ज किया था। लीना ने कहा था कि उन्होंने रिटायरमेंट पर मिले पैसे में से 19 हजार रुपए सत्यम में लगाए थे। लेकिन कंपनी की गड़बड़ियों के कारण डूब गए।

**विधानसभा सचिवालय में फर्जी नियुक्तियों का मामला**

# बर्खास्त सचिव और उपसचिव गिरफ्तार, बाकी को नोटिस

## दिग्विजय सिंह और श्रीनिवास तिवारी भी हैं मामले में आरोपी

क्राइम रिपोर्टर | भोपाल

विधानसभा सचिवालय में 1993 में हुई नियम विरुद्ध नियुक्तियों के मामले में गुरुवार को पूर्व सचिव सत्यनारायण शर्मा व पूर्व उप सचिव कमलाकांत शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों फरवरी 2012 से बर्खास्त थे। 17 अन्य आरोपियों में प्रमुख सचिव एके पयासी रिटायर हो चुके हैं। बाकी विभिन्न विभागों में ऊंचे ओहदों पर हैं। पुलिस ने इन्हें सिर्फ नोटिस भेजे हैं। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी समेत 19 आरोपी हैं। ये नियुक्तियां इनके 10 साल (1993 से 2003) के कार्यकाल की हैं।



सत्यनारायण शर्मा



कमलाकांत शर्मा

विधानसभा सचिवालय के उपसचिव एसएल मैथिल ने 27 फरवरी को जहांगीराबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। एएसपी दिलीप सिंह तोमर के नेतृत्व में जांच के लिए एक टीम बनाई गई थी। सीएसपी सलीम खान ने सत्यनारायण शर्मा व कमलाकांत शर्मा के दो-दो बार बयान लिए। पुलिस के अनुसार न सिर्फ दोनों का रवैया असहयोगपूर्ण था बल्कि वे गुमराह भी कर रहे थे। शेष | पेज 17 पर

### नौकरी में आकर बीए पास किया, फिर लगातार पाए आठ प्रमोशन

हायर सेकंडरी पास सत्यनारायण शर्मा 31 दिसंबर 1993 में एलडीसी के पद पर नियुक्त हुए। इस पद के लिए योग्य ही नहीं थे। इसके बाद वे सहायक, राजस्व निरीक्षक, पुनः सहायक, अनुभागीय अधिकारी, उप सचिव, अपर सचिव, जिला आबकारी अधिकारी, उप सचिव, अपर सचिव और सचिव के पदों तक प्रमोट हुए। न्यायिक सेवा के एक अफसर सचिव बने तो शर्मा का डिमोशन कर अपर सचिव बना दिया गया। आठ साल बाद वह फिर सचिव बने। दो साल में ही बिना योग्यता के नियमित स्थापना और संविलियन से आठ प्रमोशन लेकर सचिव के पद तक पहुंचे। खास बात यह है कि नौकरी में रहकर रेग्युलर छात्र के रूप में बीए की डिग्री ली। जबकि समाजशास्त्र में एमए प्रथम श्रेणी और लॉ की डिग्री होना अनिवार्य था। एक आईएएस अफसर को इस पद तक पहुंचने में 16 से 18 साल लगते हैं।

### 2012 में इसलिए किया गया था बर्खास्त

सत्यनारायण शर्मा, कमलाकांत शर्मा और प्रदीप मिश्रा की नियुक्ति और पदोन्नति को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। भाजपा शासन में विधानसभा सचिवालय ने भी अपने स्तर पर आरोपियों की प्रथम नियुक्ति और अंतिम पदोन्नति के दस्तावेजों की जांच की। गड़बड़ी सामने आने पर नियुक्ति और पदोन्नति को शून्य घोषित किया गया था। सचिवालय और जस्टिस शचींद्र द्विवेदी की रिपोर्ट के अलावा हाईकोर्ट के आदेश को आधार मानते हुए 20 फरवरी 2012 को तीनों को बर्खास्त किया गया था। उस समय प्रदीप मिश्रा रीवा में जिला शिक्षा अधिकारी थे।

# वित्तमंत्री जी, आपको नमस्कार...



**भोपाल.** गुरुवार को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के दौरान अरुण जेटली जैसे ही वरिष्ठ नेता सुंदरलाल पटवा का हाल पूछने उनके सामने आए तो पटवा जी ने जेटली का अभिवादन करते हुए शायद यही कहा- वित्तमंत्री जी आपको नमस्कार। फोटो | अनिल दीक्षित

**जेटली की नसीहत, सोच-समझकर बोलें नेता** | पेज 4

# रोमिंग पर कॉल 23% और एसएमएस 75% तक सस्ता

## नई दरें एक मई से होंगी लागू

एजेंसी | नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने मोबाइल कंपनियों के लिए अधिकतम दर की सीमा घटा दी है। इससे रोमिंग पर कॉल करना अब 23% तक सस्ता हो जाएगा। लोकल एसएमएस भेजना भी 75% तक सस्ता होगा। इसके लिए सिर्फ 25 पैसे लगेंगे। एक रुपया नहीं। नई दरें एक मई से लागू होंगी।

ट्राई ने लोकल कॉल की अधिकतम दर 1 रुपए प्रति मिनट से घटाकर 80 पैसे प्रति मिनट की है। एसटीडी कॉल की अधिकतम दर 1.5 रुपए से घटाकर 1.15 रुपए प्रति मिनट तय की है। ट्राई ने पहले लोकल कॉल्स के लिए 65 पैसे और एसटीडी के लिए एक रुपया अधिकतम दर का प्रस्ताव दिया था। लेकिन कंपनियों के विरोध के चलते उसे पीछे हटना पड़ा। नेशनल एसएमएस के लिए 1.5 रुपए नहीं बल्कि सिर्फ 38 पैसे चुकाने होंगे। लोकल एसएमएस के लिए एक रुपए की जगह 25 पैसे ही लगेंगे। रोमिंग के दौरान आने वाली कॉल पर मौजूदा 75 के बजाय 45 पैसे प्रति मिनट अदा करने होंगे।

# अडानी के सोया प्लांट में दम घुटने से 5 की मौत

## नीमच में हादसा, टैंक का वॉल्व खोलते समय रिसी जहरीली गैस

**नीमच |** अडानी विल्मार सोया प्लांट में गुरुवार दोपहर गैस रिसने से पांच ठेका श्रमिकों का दम घुट गया। सभी को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आक्रोशित भीड़ ने प्लांट का प्रबंधक समझकर तहसीलदार के साथ हाथापाई कर दी। घटना इफ्यूलेंट ट्रीटमेंट प्लांट में हुई। रवि कैलाशचंद्र सोनी (24) इस प्लांट के वेस्ट मटेरियल टैंक का वॉल्व खोलने उतरा था, तभी विषैली गैस का रिसाव शुरू हो गया। रवि का दम घुटने लगा तो उसे बचाने युवराज सिंह (33), राजसिंह सोलंकी (30), दीपक यादव (28) व राजेंद्र सिंह (24) एक-एक कर टैंक में उतरे। गैस के प्रभाव में आने से वे भी बेहोश हो गए। शेष | पेज 17 पर



इस टैंक में गैस रिसाव से हुई मौत।

**मुरैना हादसा**

# सिपाही को कुचलने वाला डंपर का ड्राइवर राजस्थान से गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | मुरैना

नूराबाद थाने के सिपाही धर्मेंद्र सिंह चौहान को कुचलने वाले रेत डंपर के ड्राइवर तहसीलदार सिंह गुर्जर को पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। वारदात के समय ड्राइवर के साथ क्लीनर सूरज गुर्जर भी था। दोनों पुलिस को छकाते हुए राजस्थान के धौलपुर जिले के करुआ गांव पहुंच गए थे। क्लीनर को भी सहआरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है। अवैध रेत के कारोबार में लिप्त डंपर मालिक रामलखन सिंह गुर्जर की बुधवार को गिरफ्तारी के बाद पुलिस को संकेत मिले थे कि आरोपी ड्राइवर पुलिस से बचने के लिए धौलपुर में अपने मामा के यहां छिपा हुआ है। मुरैना से धौलपुर पहुंची पुलिस ने करुआ गांव से दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**एसआईटी की जांच पूरी :** सरकार के निर्देश पर बनी एसआईटी ने गुरुवार को जांच पूरी कर ली। ड्राइवर की गिरफ्तारी के बाद उसके बयान भी एसआईटी ने दर्ज किए। एसआईटी प्रमुख व एआईजी सीआईडी डॉ. जीके पाठक ने बताया कि जल्द ही रिपोर्ट डीजीपी को सौंप देंगे।

**भास्कर खास**

**देश में पहली बार अहमदाबाद के डॉक्टरों ने ईजाद किया हार्ट वॉल्व बदलने का नया तरीका**


# सीने में छोटा-सा छेद किया और बदल दिया वॉल्व

समीर राजपूत | अहमदाबाद

खराब हो चुके दिल के वॉल्व को बदलने के लिए अभी ओपन हार्ट सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। या फिर ट्रांसकैथेटर एऑर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रोसीजर इस्तेमाल में लाया जाता है। टीएवीआर में जांघ या फिर कंधों से गुजरने वाली मुख्य नसों (आर्टरी) के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक पहुंचाया जाता है। लेकिन इसमे कई बार उम्र और आर्टरियों में ब्लॉकेज की समस्या आड़े आ जाती है। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी का ही विकल्प बचता है। पर अहमदाबाद के डॉक्टरों ने टीवीएआर प्रोसीजर में थोड़ा बदलाव करके वॉल्व बदलने का नया और आसान तरीका खोजा है।

### 82 साल के मरीज को मिली नई जिंदगी

अहमदाबाद के सिम्स अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. धीरेन शाह के मुताबिक, इस केस में 82 साल के मरीज का वॉल्व बदलना था। उसके दिल की छह आर्टरियों में ब्लॉकेज था। इसलिए जांघ या कंधे से गुजरने वाली मुख्य नसों से आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक नहीं पहुंचा सकते थे। मरीज के फेफड़े-गुर्दे भी कमजोर थे। लिहाजा, ओपन हॉर्ट सर्जरी में भी जोखिम था। इसलिए ऑपरेशन करने वाले डॉ. मिलन चग और उनकी टीम ने प्रोसीजर बदलते हुए मरीज के सीने पर उस जगह दो सेंटीमीटर का छेद किया, जहां दिल का ऊपरी हिस्सा (अयोटा) होता है। इसी के जरिए शरीर में ब्लड सप्लाई होता है। अयोटा से ट्रांसकैथेटर को गुजारकर वॉल्व को दिल तक पहुंचाया। फिर बैलून फुला कर वॉल्व बदल दिया। देश में पहली बार इस तरीके से वॉल्व बदला गया है। यहां 20 फीसदी ओपन हार्ट सर्जरी केवल खराब वॉल्व बदलने के लिए होती हैं।




बिना ओपन हार्ट सर्जरी के ही ऊपरी हिस्से से वॉल्व बदलने का देश में यह पहला मामला है।
**-डॉ. समीर दाणी,** कार्डियोलॉजिस्ट,अपोलो, गांधीनगर

इस तरह वॉल्व बदलने का यह नया और पहला मामला है। ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाईयां।
**-डॉ. अतुल माथुर,** कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस-एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली

# जेल से बाहर नहीं आना चाहिए लखवी : भारत

## लाहौर हाईकोर्ट ने रद्द किया हिरासत में रखने का आदेश



**लाहौर/नई दिल्ली |** मुंबई हमले का मास्टरमाइंड जकी-उर-रहमान लखवी जल्द रिहा होगा। उसे 10 लाख रु. के दो मुचलकों पर तुरंत रिहा करने के आदेश दिए गए। पाक सरकार ने उसके खिलाफ संवेदनशील सबूत कोर्ट में पेश नहीं किए। इस आधार पर लाहौर हाईकोर्ट ने उसे हिरासत में रखने का आदेश निलंबित कर दिया।

भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। गृह राज्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पाक गंभीर नहीं है। हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने जो सबूत दिए हैं, उसने कोर्ट में पेश ही नहीं किए। वैसे, भारत सरकार ने दोहराया है कि लखवी जैसा आतंकी जेल से बाहर नहीं आना चाहिए। इससे पहले भी इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने लखवी को रिहा करने का आदेश दिया था। जस्टिस मुहम्मद अनवरुल हक ने कहा कि कानून अधिकारी ने लखवी के बारे में अहम जानकारी दी है। लेकिन कोर्ट इसे स्वीकार नहीं कर सकता। पेश किए गए सबूत असंतोषजनक है।'